# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२०२६

कक्षा:- तीन | विषय:- हिंदी व्याकरण | पाठ :- क्रिया

**परिभाषा - जिन शब्दों से किसी काम का करना या होना प्रकट होता है, वह क्रिया कहलाते हैं ।**

**जैसे :- खाना ,सोना, पढ़ना ,दौड़ना, झूलना, देखना, बोलना ,तैरना आदि ।**

**उदाहरण:-**

**1)पक्षी उड़ रहे हैं ।**

**2)चिड़िया दाना चुग रही है ।**

**3)सीता गाना गा रही है ।**

**4)राम पत्र लिख रहा है ।**

**5)माली फूल चुन रहा है ।**

**6)घोड़ा दौड़ रहा है ।**

## अभ्यास 1

निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।

1) पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं।
2) मोहन तैर रहा है।
3) दादा जी खाना खा रहे हैं।
4) पेड़ों से पत्ते गिर रहे हैं।
5) खरगोश दौड़ रहा है।
6) नानी जी भजन गा रही है।
7) तोता राम - राम बोल रहा है।
8) मीना ने बाज़ार से फल खरीदें।
9) चाचा - चाची कैरम खेल रहे हैं।
10) दीपक जल रहा है।

## अभ्यास 2

प्र०१ निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द छाँटिए ।

1) वसुधा नाच रही है।
2) माली फूल चुन रहा है।

3) बच्चे फुटबॉल खेल रहे हैं।

4) अशोक पत्र लिख रहा है।

5) बत्तख तालाब में तैर रही है।

6) आकाश में बादल गरज रहे हैं।

प्र०२ उचित क्रिया शब्द से रिक्त स्थान भरिए।

1) माँ बच्चे को दूध ______ रही है।

2) मैंने कविता______ ।

3) पुलिस ने बदमाशों को________।

4) सुमन ने बाज़ार से खिलौने_____।

5) रोहन मुझे हिंदी की पुस्तक_____।

6) पिताजी बाज़ार से गरमा गरम जलेबी _____।